राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010

दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांकः 651 / 241 / एनयूएलएम / तीन / 2001(एसईपी)टीसी दिनांकः 12/9/16

सेवा में, **सर्वोच्च प्राथमिकता**

1 जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
बागपत, बलिया, बिजनौर, बुलन्दशहर, फिरोजाबाद, जी0बी0नगर, गाजीपुर, हापुड, रामपुर, शाहजहांपुर एवं शामली।

2 परियोजना निदेशक / सिटी प्रोजेक्ट आफीसर,
जिला नगरीय विकास अभिकरण / शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
बागपत, बलिया, बिजनौर, बुलन्दशहर, फिरोजाबाद, जी0बी0नगर, गाजीपुर, हापुड, रामपुर, शाहजहांपुर एवं शामली।

विषय– डी0ए0वाई–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम(एस0ई0पी0) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्यों की प्रगति के संबंध में।

महोदय,

कृपया राज्य शहरी आजीविका मिशन, उ0प्र0 के विभिन्न पत्रों के माध्यम से दीनदयाल अन्तोदय योजना (डी0ए0वाई0) राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम(एस0ई0पी0) के अन्तर्गत शहरी गरीबों को व्यक्तिगत / समूह ऋण एवं एसएचजी हेतु बैंकों से बेहतर समन्वय स्थापित कर एवं एस0ई0पी0 के दिशा निर्देश की जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु समय–समय पर बैंकों के प्रतिनिधियों एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक के साथ एस0ई0पी0 पर चर्चा के माध्यम से आवंटित लक्ष्यों की शत–प्रतिशत प्राप्त किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 के 05 माह व्यतीत होने के पश्चात भी आपके शहर से प्राप्त माह अगस्त,2016 की मासिक प्रगति रिपोर्ट में एस0ई0पी0 (व्यक्तिगत एवं समूह ऋण) की प्रगति शून्य है। इससे यह परिलक्षित होता है कि संबंधित परियोजना अधिकारी तथा उनकी सहायता हेतु नियुक्त किये गये स्टाफ द्वारा कोई रूचि नही ली जा रही है। यह उनके कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही का घोतक है।

अतः आपसे अनुरोध है कि एस0ई0पी0 योजनान्तर्गत आपके शहर को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाये जाने हेतु व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट करते हुए रणनीति तैयार कर लक्ष्यों को शत–प्रतिशत प्राप्त करने हेतु संबंधित को कड़े निर्देश देने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 परियोजना अधिकारी / सहायक परियोजना अधिकारी, डूडा, बागपत, बलिया, बिजनौर, बुलन्दशहर, फिरोजाबाद, जी0बी0नगर, गाजीपुर, हापुड, रामपुर, शाहजहांपुर एवं शामली।

2 शहर मिशन प्रबन्धक, शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, बागपत, बलिया, बिजनौर, बुलन्दशहर, फिरोजाबाद, जी0बी0नगर, गाजीपुर, हापुड, रामपुर, शाहजहांपुर एवं शामली।

3 सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक